मंगलवार
20 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



छह लाख रुपए में तय हुआ था मंटु की हत्या का सौदा, शूटर ने दागी थी पांच गोलियां 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खबरें फटाफट

### लोगों की जरूरतों को ध्यान में रख बने योजनाएं : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि ग्रामीण भारत के सतत विकास के लिए, योजनाओं को लोगों की जरूरतों और इच्छाओं को नीचे से ऊपर तक ध्यान में रखना चाहिए और इसे पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह तरीके से लागू किया जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि प्रशासन को गांव-गांव तक नागरिकों के चौखट तक पहुंचाना ही, सुशासन की आत्मा है। उन्होंने कहा कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना गांवों को शामिल किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता।

### जम्मू की सरगम बनी मिसेज वर्ल्ड

**नई दिल्ली।** मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब जम्मू की रहने वाली सरगम कौशल ने अपने नाम किया और 21 साल के इंतजार के बाद मिसेज वर्ल्ड का ताज एक बार फिर से भारत के पास है। सरगम कौशल इससे पहले मिसेज इंडिया का खिताब भी जीत चुकी हैं। अब मिसेज वर्ल्ड का ताज अपने नाम कर उन्होंने इतिहास रच दिया है।

### पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ

**गुरदासपुर।** पंजाब में बीएसएफ सेक्टर गुरदासपुर में पाकिस्तानी ड्रोन का आना लगातार जारी है। धुंध का फायदा उठाते हुए पाक तस्कर हेरोइन और हथियारों की खेप को भारतीय सीमा में पहुंचाने की नापाक कोशिश में जुटे हुए हैं। रविवार रात को दो बार इस सेक्टर में ड्रोन मूवमेंट देखने को मिली। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने तकरीबन 100 राउंड फायर कर ड्रोन को वापस भेजा।

### गोली लगने से वार्ड प्रत्याशी घायल

**भागलपुर।** भागलपुर के त्रिवेणीगंज नगर परिषद इलाके में नगर निकाय चुनाव से ठीक पहले बदमाशों ने वार्ड 18 के प्रत्याशी रोहित कुमार मणि उर्फ अश्विनी यादव को गोली मार दी। बदमाशों ने इस वारदात को तब अंजाम दिया जब रोहित देर रात अपने कार्यालय के बाहर खड़े थे। इसके बाद आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत को नाजुक बताया है।

## विधानसभा सत्र: जहरीली शराबकांड पर विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

# शराब और बालू माफियाओं के खिलाफ जांच पर अड़ी भाजपा

**केटी न्यूज/पटना**

सोमवार को बिहार विधानसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हुई। बिहार जहरीली शराबकांड पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने छपरा शराबकांड की न्यायिक जांच और मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। इससे पहले विधानसभा मुख्य द्वार पर भाजपा के विधायकों ने जहरीली शराब कांड के मृतकों को मुआवजा देने की मांग पर प्रदर्शन किया और मुआवजा देने को लेकर विधायकों ने नारेबाजी की। भाजपा विधायकों की मांग है कि शराब और बालू माफियाओं के खिलाफ न्यायिक जांच हो।

भाकपा माले और माकपा के विधायकों ने भी मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन किया। वाम दलों के विधायकों ने छपरा जहरीली शराब कांड के हर पीड़ित परिवार को 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की। बिहार विधान मंडल के शीतकालीन सत्र का आखिरी दिन होने के कारण विपक्ष जहरीली शराबकांड पर नीतीश सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती थी। यही वजह है कि सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा शुरू हो गया। जिसके बाद विधानसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।



### बिहार में जहरीली शराब से मौत पर मुआवजा का प्रावधान नहीं : मंत्री

बिहार में जहरीली शराबकांड पर जहां पूरा विपक्ष मृतकों के परिजनों को मुआवजे की मांग पर अड़ा है। तो वहीं इस मामले पर नीतीश सरकार के मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि बिहार में लागू शराबबंदी कानून में जहरीली शराब से मौत पर मुआवजा देने का प्रावधान ही नहीं है। यूपी, एमपी और हरियाणा समेत अन्य राज्यों में शराबबंदी नहीं है, लेकिन वहां भी जहरीली शराब से मौतें होती हैं। मद्य निषेध मंत्री ने कहा कि जहरीली शराब से मौत का शराबबंदी से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि एमपी में 1200 से ज्यादा जबकि कर्नाटक में 700 से ज्यादा लोगों की मौत शराब पीने से हुई। मंत्री ने माना कि शराब समाज में अवैध कमाई का जरिया बन गया है। लेकिन, एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 80% लोग आज भी शराबबंदी के समर्थन में हैं। खासकर महिलाएं शराबबंदी चाहती हैं। उन्होंने बीजेपी के सभी आरोपों को अनर्गल बताया।

### तेजस्वी बोले... बीजेपी खुलकर कह दे शराबबंदी खत्म कर दिया जाए

बिहार में जहरीली शराब से हुई मौत के बाद सरकार को लगातार बीजेपी घेर रही है। बीजेपी का कहना है कि बिहार में शराबबंदी कानून फेल है। सोमवार को बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बीजेपी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ये खुलकर कह दे कि बिहार में शराबबंदी कानून को खत्म कर दिया जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि आंकड़ों से ये स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में अधिक मृत्यु हुई है मगर वहां ये लोग खामोश हैं। ये लोग आज जगे हैं क्या? चार महीने पहले कहां थे? तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर ये लोग शराबबंदी कानून को हटाना चाहते हैं तो खुल कर बोलें। बीजेपी से कहा कि खुलकर कहिए कि जो शराबबंदी कानून है उसे हटाया जाए। तेजस्वी ने कहा कि बोलते हैं नशामुक्ति होनी चाहिए। शराबबंदी अच्छी चीज है। बीजेपी के कथनी और करनी में अंतर है। बात-बात पर हंगामा करने की इनकी आदत हो गई है।

### सुपौल में 1 करोड़ 20 लाख रुपए का गांजा जब्त

**सुपौल।** जिले के भीमनगर में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी 45 वीं बटालियन के शैलेशपुर बीओपी के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर तस्करी के 6 क्विंटल गांजा को जब्त किया है। लगभग 1 करोड़ 20 लाख के तस्करी के गांजा के साथ एक कारोबारी भी पकड़ा गया है। इस सम्बन्ध में बताया जा रहा है कि जब्त किए गए 20 बोरी में बंद 600 किलोग्राम गांजा है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 20 लाख आंकी जा रही है। हालांकि जब्त किए गए गांजा व पकड़े गए कारोबारी को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पटना को सौंप दिया गया है।

### सीतामढ़ी की एमएलसी बाल-बाल बचीं

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रविवार की शाम 3 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस दौरान सीतामढ़ी की एमएलसी रेखा कुमारी की गाड़ी वहां से गुजर रही थी। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों से बचाने में उनकी भी गाड़ी सड़क पर पलट गई। उन्हें भी हल्की चोट आई है। साथ ही अन्य गाड़ियों में सवार 3 अन्य लोग भी घायल हो गए। हादसा पटना-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग के तुर्की में हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। मौके पर जुटी भीड़ ने एमएलसी को बाहर निकाला। वहीं लोगों ने मामले की जानकारी ओपी पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की।

## अफवाह... पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की सूचना से मचा हड़कंप



**केटी न्यूज/पटना**

- डायल 112 पर एक शख्स ने जंक्शन परिसर में तीन बम होने की दी सूचना
- करीब एक घंटे तक छानबीन के बाद नहीं मिला कोई बम
- सूचना देनेवाला युवक निकला मानसिक रूप से विक्षिप्त

पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की सूचना से हड़कंप मच गया। एक शख्स ने जंक्शन परिसर में तीन बम होने की सूचना डायल 112 पर दी थी। इसकी जानकारी मिलते ही परिसर में अफरातफरी मच गई। आतंकी वारदात की आशंका के तहत पटना जंक्शन पर एसटीएफ और स्वाट दस्ते को तैनात कर दिया गया। बम स्क्वायड, दमकल और स्थानीय पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे तक स्टेशन परिसर की गहन छानबीन की गई। लेकिन वहां बम नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

उधर पुलिस छानबीन में पता चला कि कदमकुआं निवासी एक शख्स ने बम की सूचना दी थी। जिसके बाद मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने थोड़ी ही देर में आरोपित अमित कुमार को धर दबोचा। वह कदमकुआं थाना इलाके के तीरमुहानी गली निवासी शिवपूजन यादव का पुत्र है। पूछताछ में पता चला कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। जिसके बाद आरोपित को कोतवाली थाने लाया गया और कानूनी कार्रवाई के बाद उसे छोड़ दिया गया।

कोतवाली थानेदार संजीत कुमार ने बताया कि आरोपित ने डायल 112 पर फोन कर कहा था कि पटना जंक्शन पर तीन बम रखे हैं। वह कभी भी फट सकते हैं। यह बात उसने वहां मौजूद कुछ लोगों के बीच हो रही बातचीत के दौरान सुनी थी। पुलिस के अनुसार बम की सूचना मिलने के बाद पुलिस सहित संबंधित एजेंसियां सतर्क हो गई थीं। पटना जंक्शन पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को जब वहां बम होने की सूचना मिली तो वे सकते में आ गए। इससे वहां करीब एक घंटे तक अफरा तफरी मची रही। यात्री अपना-अपना सामान लेकर बाहर भागने लगे थे।

## किसानों की केंद्र सरकार को चेतावनी... मांगें मानी जाएं नहीं तो फिर से करेंगे आंदोलन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को छह हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया जाए
- पराली जलाने पर दर्ज हो रहे केस वापस लिये जाएं, बिजली जमीन मुआवजा नीति सही हो

तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार को झुका चुके किसान एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। सोमवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटे 50 हजार से ज्यादा किसानों ने केंद्र सरकार को खुली चुनौती दी कि उनकी मांगें मानी जाएं अन्यथा एक बार फिर वे आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं। किसानों की मांग है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत दी जा रही आर्थिक सहायता (वर्तमान में छह हजार रुपये वार्षिक) को 12 हजार रुपये तक बढ़ाया जाए और उनकी फसलों के लिए उचित भुगतान की दर तय की जाए। किसान गन्ना फसलों का समयबद्ध भुगतान, पराली जलाने पर दर्ज हो रहे केसों को वापस लेने और बिजली-जमीन मुआवजा नीति सही करने की मांग भी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वे आंदोलन की राह पकड़ने के लिए बाध्य होंगे।

किसान संघ के सूत्रों के मुताबिक, किसान आगामी बजट सत्र को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। उनकी कोशिश है कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले इस अंतिम पूर्ण बजट में किसानों के लिए बेहतर आर्थिक नीतियों की घोषणा कराने में सफलता हासिल की जाए। इसमें पीएम किसान निधि के अंतर्गत आर्थिक सहायता बढ़ाना मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा कृषि उत्पादों पर जीएसटी लागू करने पर रोक लगाना और ट्रैक्टर पर खरीद के 10 साल बाद इस्तेमाल पर लगने वाला प्रतिबंध समाप्त करना भी मुख्य मांगों में शामिल है।

डीजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes
keshavtimes
keshavtimes

## 11 ऑस्कर जीतने वाली आइकॉनिक फिल्म टाइटैनिक की रिलीज को 25 साल पूरे

# फिल्म के हर मिनट के सीन पर खर्च हुए 8 करोड़

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आइकॉनिक फिल्म टाइटैनिक की रिलीज को 25 साल पूरे हो चुके हैं। 19 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 11 ऑस्कर अपने नाम किए थे। 1912 में साउथैम्प्टन से पहली और आखिरी यात्रा में रवाना हुए फ्टर टाइटैनिक पर बनी यह फिल्म उस समय दुनिया में बनी सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म के निर्देशक और लेखक जेम्स कैमरून थे, जो 'अवतार', 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' और 'द टर्मिनेटर' जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। टाइटैनिक एक एपिक रोमांस और ट्रेजडी फिल्म है, जिसकी लागत असली टाइटैनिक शिप से 26 गुना ज्यादा थी। जेम्स कैमरून ने फिल्म को परफेक्ट बनाने के लिए काफी मशक्कत की थी। फिल्म में टाइटैनिक जहाज का रेप्लिका असल टाइटैनिक की ब्लूप्रिंट देखकर बनाया गया था। वहीं, फिल्म में दिखा सामान भी उन्हीं कंपनियों से



तैयार करवाया गया था, जिन्होंने असल जहाज के लिए काम किया था। फिल्म में कई असल घटनाएं भी दिखाई गई थी और कई सीन भी क्रिएट भी किए गए। सिर्फ जहाज को डूबता हुआ दिखाने के लिए मेकर्स ने एक सीन में 1 करोड़ लीटर पानी का इस्तेमाल किया था, वहीं दूसरे सीन्स में लाखों लीटर पानी लगा था। इस फिल्म को बनाने में 200 मिलियन डॉलर, यानी 1250 करोड़ का खर्च आया। फिल्म के हर एक मिनट के सीन में 8 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिससे डायरेक्टर और डिस्ट्रीब्यूटर के बीच अनबन भी हुई।

**जेम्स कैमरून से डरती थीं केटः** केट विंसलेट को शूटिंग के दौरान जेम्स कैमरून से डर लगता था, क्योंकि वो परफेक्ट शॉट के लिए चिल्लाते थे। जेम्स की सख्ती से परेशान होकर केट ने तय कर लिया था कि वो उनके साथ तब तक काम नहीं करेंगी, जब तक वो अमीर नहीं हो जातीं। इतना ही नहीं केट डरती थीं कि टाइटैनिक डूबने वाले शॉट को फिल्माते हुए वो डूब कर मर जाएंगी। वहीं, शूटिंग करना इतना आसान नहीं था। ऐसे में शूटिंग में तीन स्टंटमैन की हड्डियां टूट गई थीं। वहीं कई लोग फिल्म छोड़कर ही भाग गए थे। टाइटैनिक फिल्म को बनाने के लिए पहले टाइटैनिक जहाज के असली ब्लूप्रिंट का इस्तेमाल किया था।

सुविचार



जीयर स्वामी

बेटियों को कार नहीं संस्कार देकर विदा करें, रोशन कर देंगी दो कुलों का नाम।

बड़ी खबर बीमारियों से बचाव के लिए 30 वर्ष से अधिक...

केशव टाइम्स

बक्सर, 20 दिसम्बर 2022

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




# बीमारियों से बचाव के लिए 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों की होगी स्क्रीनिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

- एनपीसीडीसीएस को ले सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा अभियान
- आशा कार्यकताओं द्वारा अपने पोषक क्षेत्रों में सभी परिवारों का भरा जा रहा सी-बैक फॉर्म

नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रीवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ कैंसर, डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीज और स्ट्रोक्स (एनपीसीडीसीएस) कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में आशा कार्यकताओं के द्वारा अपने अपने संबंधित क्षेत्र के सभी परिवारों का सी-बैक फॉर्म भरा जा रहा है।

ताकि, जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जा सके। इसके लिए आशा कार्यकताओं द्वारा सर्वे किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट ऑनलाइन की जाएगी। इस क्रम में बीते दिनों जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, एनसीडी नोडल ऑफिसर व कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर (सीएचओ) को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसके माध्यम से उन्हें गैर संचारी रोगों में भूमिका विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एनपीसीडीएस के अंतर्गत पॉपुलेशन बेस्ड मास स्क्रीनिंग फॉर एनसीडी के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के जिले के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाती है। जिसके तहत कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और लकवा आदि के मरीजों के लक्षणों व सामान्य जांच के आधार पर ऐसे मरीजों को चिह्नित किया जाना है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचा कर इलाज में मदद करनी है।



आशा व एएनएम के साथ बैठक करती पांडेयपट्टी सीएचओ श्वेता सिंह

### घर घर जाकर आशाएं कर रही हैं सर्वे

सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि आशा कार्यकताओं द्वारा एचडब्ल्यूसी व एपीएचसी के अंतर्गत कार्य क्षेत्र में प्रत्येक परिवारों का फैमिली फोल्डर तैयार किया जा रहा है। साथ ही, परिवार के 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का सी- बैक फॉर्म के रूप में भरना है। सी-बैक फॉर्म में लोगों की सभी जानकारी की इंट्री करनी है। जिसके बाद उनके अंदर गंभीर बीमारियों के लक्षणों को चिह्नित किया जाएगा। विशेषकर एनसीडी के अंतर्गत आने वाली बीमारियां मसलन उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अधिक वजन होना (मोटापा), हृदय रोग तथा लकवा, कैंसर, दमा, दंत रोग व मसूड़े के रोग के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित किया जाएगा। ताकि, उनको अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जाकर नियमित रूप से स्क्रीनिंग कराने के लिए जागरूक और प्रेरित किया जा सके।

**सर्वे के बाद चलाया जाएगा जारूकता अभियान :** बीसीएम ने कहा कि गैर संचारी रोग के अंतर्गत आने वाली गंभीर बीमारियों की पहचान यदि समय हो जाती है, तो लोगों को इलाज के लए प्रखंड या जिला अस्पताल के स्वास्थ्य संस्थानों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उनकी निगरानी और इलाज पंचायत स्तर पर बने स्वास्थ्य संस्थानों एचडब्ल्यूसी और एपीएचसी स्तर पर ही हो जाएगा। इस क्रम में फ्रंट लाइन वर्कर्स को बीएमआई निकालना भी सिखाया गया है। जिससे मरीज की लंबाई के अनुरूप उसके वजन की सही जानकारी मरीज को हो सके। वहीं, आशा कार्यकताओं के द्वारा सर्वे किए जाने के बाद सीएचओ, एएनएम व फ्रंट लाइन वर्कर्स के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके माध्यम से लोगों को इन बीमारियों की जांच, इलाज और बचाव की जानकारी दी जाएगी।

## खबरें फटाफट

### जीजा के साथ मिल पति का काटा प्राइवेट पार्ट

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाऊर गांव में रिश्ते को शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आयी है। अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने जीजा के साथ मिलकर पति की पहले पिटाई की। उसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट को काट डाला। इसमें उसका पति जख्मी हो गया। खून से लहूलुहान युवक को उसके बहनों द्वारा इलाज के लिए उदवंतनगर लाया गया। वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज कराया गया। जख्मी युवक लालजी लाल बताया जाता है। युवक की बहन रीता देवी और गीता ने बताया कि लालजी की शादी मंजू देवी से हुई है। चचेरे भाई की शादी मंजू की चचेरी बहन के साथ हुई है। मंजू का अपने जीजा के साथ अवैध संबंध है। एक रोज पहले लालजी ने दोनों को आपत्तिजनक हाल में देख लिया था। उसके बाद वह विरोध कर रहा था। उस पर पत्नी ने अपने जीजा के साथ मिल कर पहले उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद पुलिस से शिकायत की बात कहने पर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध बालू लदे 80 ट्रक व 52 ट्रैक्टर जब्त

**आरा।** भोजपुर जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की ओर से ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसमें पुलिस को बड़ी सफलता भी मिली है।दिसंबर माह में अबतक अवैध खनन के मामले में 17 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। 136 वाहन जब्त किए गये हैं और 14 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर खनन विभाग के साथ छापेमारी की जा रही है। दिसंबर माह में अबतक इस मामले में अवैध बालू लदे 80 ट्रक, 52 ट्रैक्टर, चार हाईवा और एक कार जब्त की गयी है। 17 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### हत्या व लूट के 10 वांछितों ने किया सरेंडर

**आरा।** भोजपुर में अपराधियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की दबिश से दिसंबर माह में हत्या और लूट में दस आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इसमें हत्या के नौ और लूटकांड का एक वांटेड शामिल है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस बयान जारी किया गया है। प्रेस बयान के अनुसार नवादा थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रिटायर शिक्षक सिद्धनाथ राय की हत्या में वांटेड सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के आशुतोष कुमार, पवना थाने के पवार गांव में नवबर माह में महिला की हत्या में वांछित सोनू यादव, नवादा थाना क्षेत्र में गोढ़ना गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर जीतेंद्र कुमार की हत्या में वांछित उदवंतनगर थाने के चकिया गांव निवासी सुनील कुमार उर्फ साहू, जगदीशपुर थाने के पीलापुर गांव में सितंबर माह में सरेराह पाल की हत्या में आरोपित अमरजीत पाल, इंद्रजीत पाल व शशिभूषण पाल, आयर थाना के तीन साल पुरानी हत्या में वांटेड विंदेश्वर सिंह, निरंजन कुमार व भोला कुमार ?जबकि सिन्हा ओपी क्षेत्र में पिछले साल जून में लूट की घटना में वांटेड धोबहां ओपी क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी राजीव सिंह उर्फ राजन द्वारा कोर्ट में सरेंडर किया गया है।

## शाहपुर पूर्व नपं चेयरमैन हत्याकांड मे खुलासा,चुनाव में हुए विवाद बनी हत्या की वजह

# छह लाख रुपए में तय हुआ था मंटु की हत्या का सौदा, शूटर ने दागी थी पांच गोलियां

- हत्या में इस्तेमाल पिस्टल, एक गोली और करीब दो किलो गांजा बरामद
- जेल में बंद अपराधियों के इशारे पर हत्या की वारदात को दिया गया अंजाम
- हत्या सहित दो अन्य मामलों में भी वांटेड था गिरफ्तार शूटर
- शूटर की बाइक चलाने वाले अपराधी की तलाश कर रही पुलिस




जानकारी देते भोजपुर एसपी व अन्य

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर की शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की पूर्व की दुश्मनी में हत्या की गयी थी। उसके लिए जेल में बंद अपराधियों द्वारा लाख की सुपारी दी गयी थी। उसमें तीन लाख रुपए लेकर शूटर द्वारा पूर्व चेयरमैन को गोलियां दाग दी गयी थी। शूटर की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद इसका खुलासा हुआ है। गिरफ्तार शूटर गड़हनी थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी जनार्दन यादव का पुत्र मनीष कुमार उर्फ तिवारी यादव है। उसे रविवार को पीरो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल एक पिस्टल, एक गोली, एक मोबाइल और करीब दो किलो गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार शूटर पूर्व से भी हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। उसके खिलाफ पूर्व से नारायणपुर थाने में दोनों मामले दर्ज हैं।

एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। बताया कि हत्या की तफ्तीश में गोली मारने वाले की पहचान गड़हनी थाने के एकौना निवासी मनीष कुमार उर्फ तिवारी यादव के रूप में की गयी थी। उसके बाद पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी।इस क्रम में रविवार को पीरो थाना क्षेत्र से उसको गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने तीन लाख की सुपारी लेने की बात स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर हत्या के समय उसकी बाइक चलाने वाले की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। टीम में पीरो थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नंद किशोर प्रसाद सिंह, डीआईयू इंचार्ज इंस्पेक्टर शंभू भगत, शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, नारायणपुर थानाध्यक्ष नीता कुमारी, गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, हसन बाजार ओपी इंचार्ज संतोष कुमार रजक, डीआईयू के दारोगा नित्यानंद शर्मा, सुदेह कुमार और राकेश कुमार शामिल थे।

**पुरानी रंजिश में रची गयी थी हत्या की साजिश :** शाहपुर के पूर्व नपं चेयरमैन सह वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू की हत्या पुरानी रंजिश में की गयी थी। नगर पंचायत चुनाव का विवाद भी उनकी हत्या का कारण बना है। उसके लिए जेल से साजिश रची गयी थी और सुपारी दी गयी थी। एसपी की ओर से शूटर की गिरफ्तारी के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व चेयरमैन की पहले से कुछ लोगों से पूर्व से विवाद था। चुनाव संबंधी विवाद भी सामने आ रहा है। उसे लेकर भी वैमनस्यता थी। उसमें कुछ आरोपित जेल में बंद हैं। उनमें चार आरोपितों की इस हत्याकांड में भूमिका सामने आयी है। उनलोगों के इशारे पर घटना को अंजाम दिया गया था। उसे लेकर जेल में छापेमारी की गयी थी और चारों से पूछताछ भी की गयी थी। बता दें कि पूर्व के विवाद में गत सितंबर माह में भी पूर्व चेयरमैन को गोली मारी गयी थी। उसमें कुछ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसपी के अनुसार पूर्व नपं चेयरमैन वशिष्ट प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की हत्या की कुछ दिनों से साजिश की जा रही थी। उसे लेकर पिछले कुछ दिनों से रेकी भी की जा रही थी। घटना के दिन शूटर और लाइनर जेल में बंद आरोपितों से सीधे संपर्क में थे। जेल में बंद आरोपितों के इशारे पर ही लाइनर काम कर रहे थे।

**आर्म्स और एनडीपीएस के तहत किया गया केस :** शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन की हत्या में गिरफ्तार शूटर एकौना गांव निवासी तिवारी यादव उर्फ मनीष कुमार का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। नारायणपुर थाने में उसके खिलाफ पहले से ही हत्या और हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार इसी साल जून माह में चवरिया गांव के समीप दो दोस्तों को गोली मार दी गयी थी। उसमें एक की मौत हो गयी थी, जबकि दूसरा जख्मी हो गया था। उसी तरह इसी साल अगस्त में नारायणपुर बाजार में भी एक युवक को गोली मार दी गयी थी। दोनों मामलों में उसका नाम आया था और फरार चल रहा था। इधर, गिरफ्तार के समय उसके पास हथियार, गोली व गांजा की बरामदगी को लेकर पीरो थाने में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### शूटर ने महज पांच सेकंड में ही पूर्व चेयरमैन को दाग दी थी पांच गोलियां

शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद को महज पांच सेकंड में पांच गोलियां दागी गयी थी। हत्या के बाद भागते समय भी शूटर की ओर से दो राउंड फायरिंग की गयी थी। शूटर की गिरफ्तारी के बाद एसपी द्वारा इसकी पुष्टि की गयी है। एसपी के अनुसार हत्या में इस्तेमाल पिस्टल की यह विशेषता है कि कुछ सेकेंड में लगातार कई राउंड फायरिंग की जाती है। बता दें कि 27 नवंबर की दोपहर पूर्व मुख्य पार्षद को उनके घर के सामने होटल में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा उनको ताबड़तोड़ पांच गोलियां मारी गयी थी। उसमें मौके पर ही मौत हो गयी थी। उसके बाद जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना छापेमारी की जा रही है। हत्या को लेकर जेल में बंद अपराधियों सहित 13 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। पुलिस द्वारा इस मामले में पूर्व में भी दो लाइनर सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### अगवा युवती की बरामदगी को ले आरोपित के पिता को बंधक बनाकर पीटा

**आरा।** भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव में सोमवार को एक शख्स की बंधक बना कर जमकर पिटाई कर दी गयी। शख्स को रस्सी से बांध कर पीटा गया। उस शख्स को उसके बेटे की गलती की सजा दी गयी है। मारपीट में शख्स गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी बखोरापुर गांव निवासी बाघा यादव है। उसे लेकर जख्मी की ओर से गांव के ही दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

दरअसल मामला यह है कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव की ही एक युवती को अगवा कर लिया गया है। उसका आरोप बाघा यादव के पुत्र मनीष कुमार पर लगाया गया है। उस पर युवती को शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया जा रहा है। उसे लेकर युवती के परिजनों द्वारा बाघा यादव पर उसकी बरामदगी और पता बताने का दबाव दिया जा रहा था। उसे लेकर आरोपितों की ओर से बाघा यादव को रस्सी से बांध कर पिटाई की गयी।

इस दौरान उनकी पुत्री को उठा लेने और उसकी पत्नी के सात मारपीट की धमकी भी दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची डायल 112 नंबर की पुलिस द्वारा जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने में जुट गई है। इधर, इस घटना के बाद गांव के दोनो पक्षों में तनाव व्याप्त है।

# निकाय चुनाव के परिणाम आज, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के मतदान सम्पन्न होने के उपरांत मतगणना दिनांक 20 दिसम्बर को एसएस कॉलेज, जहानाबाद में जहानाबाद जिला अंतर्गत सभी नगर निकायों यथा नगर परिषद, जहानाबाद, नगर पंचायत, मखदुमपुर, नगर पंचायत, घोषी तथा नगर पंचायत, काको के लिए प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ हो जाएगा। मतगणना के दौरान मतगणना केन्द्र एवं उसके आस-पास विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। इस संबंध में संयुक्त आदेश निर्गत करते हुए पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है।

नियंत्रण कक्ष में मोबाईल नंबर 9430212150 कार्यरत रहेगा। मतगणना कार्य में सुरक्षा व्यवस्था के लिए चिन्हित स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। भीड़-भाड़ को रोकने हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया है। चिन्हित स्थलों पर बैरियर लगाया गया है। पुलिस की गश्ती दल कार्यरत रहेगी। मतगणना स्थल पर बैरिकेडिंग एवं वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्य द्वार पर प्रवेश के दौरान प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी /पुलिस पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया है कि किसी भी स्थिति में मतगणना परिसर में किसी अभ्यर्थी, मतगणना कर्मी, मतगणना अभिकर्त्ता को मोबाईल फोन नहीं ले जाना है। मतगणना केन्द्र में प्रवेश पहचान पत्र सत्यापित होने के उपरान्त कर्मी प्रवेश कर सकेगें। ऐसे व्यक्ति जिन्हें मतगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्त्ता, मतगणना अभिकर्त्ता मतगणना के लिये कर्तव्य रूढ़ लोक सेवक मतगणना कार्य के सहयोग हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना या जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकृत व्यक्ति।

# भाकपा-माले ने की जहरीली शराबकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

भाकपा-माले के राज्यव्यापी आह्वान के तहत आज जहानाबाद में सारण जहरीली शराब जनसंहार कांड के दोषी शराब माफियाओं पर शीघ्र कार्रवाई करने,इस जघन्य शराब कांड की उच्चस्तरीय जांच कर शराब माफियाओं के राजनीतिक-प्रशासनिक संरक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करने,हरेक प्रखंड मुख्यालय में नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना, जहरीली शराबकांड में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 - 10 लाख रु मुआवजा आदि की मांगों के साथ विरोध मार्च निकालकर अरवल मोड़ पर सभा की गई।




विरोध मार्च में शामिल भाकपा माले के कार्यकर्ता व नेतागण

अरवल मोड़ पर आयोजित सभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि सारण जहरीली शराब कांड प्रशासनिक लापरवाही के कारण शराब माफियाओं द्वारा रचित जनसंहार है। उत्तर प्रदेश व अन्य सीमाई राज्यों से पुलिस की मिलीभगत से शराब ट्रकों में भरकर ढ़ोया जा रहा है। थाना से शराब के बोतल से जब तक चूहा शराब पीता रहेगा तब तक शराब माफियाओं की चांदी रहेगी। बिहार के आईपीएस- आईएएस का शराब माफियाओं से संबंध अब पूरा देश जानता है। विरोध मार्च का नेतृत्व माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, राज्य कमेटी सदस्य अरुण बिंद, मोदनगंज प्रखंड सचिव वितन मांझी,काको प्रखंड सचिव विनोद कुमार भारती, मखदुमपुर प्रखंड सचिव सत्येन्द्र रविदास व अन्य शामिल रहें।

# जाति-धर्म से ऊपर उठकर शिक्षा व रोजगार की ओर अग्रसर हों : प्रो. डॉ. चन्द्रिका

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- रामलखन सिंह यादव कॉलेज के संस्थापक सचिव का समारोहपूर्वक मना 72वां जन्मदिन
- प्रो. डॉ. संजय कुमार बने रामलखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य

जिले के नौरू स्थितत रामलखन सिंह यादव कॉलेज का 43 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को कॉलेज परिसर में समारोहपूर्वक मनाया गया। संस्था के संस्थापक सचिव सह माँ कमला चंद्रिका जी ग्रुप ऑफ कालेजेज के चेयरमैन प्रो. डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव का 72 वां जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर वर्तमान समय में रोजगार उन्मुखी शिक्षा स्वास्थ्य एवं तकनीकी का महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रो. डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव ने कहा कि जिले समेत मगध में विभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना की, जिससे अब तक शिक्षण प्राप्त कर हजारों युवा-महिला रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मीरा बिगहा में करीब 5 करोड़ की लागत से जगन्नाथपुरी की तर्ज पर मन्दिर का निर्माण करवा रहे हैं, जो जिले में पर्यटन के विकास के माध्यम से हजारों को रोजगार भी देगा। वहीं, 3 करोड़ की लागत से बुनियादी विद्यालय की स्थापना करवाया है। जिसका लाभ जिले को मिलेगा। शिक्षा ही रोजगार और जागरूकता का माध्यम है। उन्होंने उपस्थित छात्र- छात्राओं से अपील किया कि जाति-धर्म से ऊपर उठकर शिक्षा और रोजगार की ओर अग्रसर हों। इस अवसर पर प्रो. यादव ने रामलखन सिंह यादव को भी याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह के उद्घाटन कर्ता डा सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि रामलखन सिंह यादव कालेज एवं मां कमला चन्द्रिका जी ग्रुप ऑफ कालजेजे के संस्थानों की शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सुबोध कुमार झा ने कहा कि पिछले कई दशकों से एक एक कर- के कई संस्थानों के माध्यम से मगध में तकनीकी शिक्षा के जगत में क्रांति लाने का कार्य प्रो. डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव द्वारा किया जा रहा है। समारोह को प्रो. रामध्यान शर्मा, पूर्व प्राचार्य लारी कॉलेज, प्रो. रामनंदन सिंह, प्रो. रविशंकर शर्मा, प्रो. गिरजा प्रसाद, डॉ. सतेंद्र यादव, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, प्राचार्य एसएनएस कॉलेज, डॉ अरुण कुमार, कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, प्रेम कुमार, राजद नेता परमहंस राय, पूर्व मुखिया हरिलाल यादव, पूर्व मुखिया नेरथुआ रंजीत कुमार, डॉ. अजय कुमार, प्रो. चंद्रप्रकाश, डॉ. राजनन्दन प्रसाद, साधुशरण प्रसाद, संजीव कुमार ने भी संबोधित किया।



प्रो. डॉ. चंद्रिका सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रोफेसरगण, शिक्षक व छात्राएं

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से मंच के उद्घाटन से की गई। मां कमला चंद्रिका जी विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा वन्दना गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद चेयरमैन प्रो. डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव के जन्मदिन का केक काटा गया। इस अवसर पर रामलखन सिंह यादव कालेज के नव नियुक्त प्राचार्य प्रो संजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया तथा उनका स्वागत किया गया। उन्होंने महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने तथा शिक्षाजगत में महाविद्यालय का गरिमामय स्थान बनाने के लिये काम करने के साथ साथ सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। नवनियुक्त प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं मोमेंटो से स्वागत किया गया। मंच संचालन डॉ गुलाम असदक तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विनय शंकर पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ. जयकांत कुमार, प्रविन्द कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार, रंजन कुमार, योगेंद्र यादव, बबलू शर्मा समेत बडी संख्या में छात्र- छात्र,समाजसेवी, बुद्धजीवी, राजनेता, एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे

## खबरें फटाफट

### सालभर में भी नहीं गिरा नल से एक बूंद भी जल

**कृष्णाब्रह्म।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट घर नल जल योजना के तहत सभी घरों में स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन धरातल पर यह योजना सफल नहीं हो सकी है। स्थानीय नुआंव पंचायत के वार्ड नंबर चार में नल जल योजना के तहत एक साल पहले पाइप बिछाया गया था और टंकी स्थापित की गई थी। लेकिन सालभर बाद भी इसमें से एक बूंद पानी भी नहीं टपका है। जिससे इसे वार्ड के लोग ठगा महशूस कर रहे है। जबकि इसके मानक की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे है। ग्रामीणों ने इसकी जांच करा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### विद्यालय के छात्रों की हुई स्वास्थ्य जांच

**केसठ।** राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में स्थानीय पीएचसी द्वारा लगातार कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत केसठ के स्थानीय उच्च विद्यालय में सोमवार को एक कैंप लगा छात्रों के स्वास्थ की जांच की गई। इस दौरान बच्चों के लंबाई, वजन, बीएमआई, नेत्र जांच आदि लगभग 40 प्रकार के अन्य बीमारियों की जांच की गई। इस दौरान लगभग 50 बच्चों का जांच किया गया। बता दें कि इस अभियान में 0 से 18 वर्ष के स्कूली छात्रों का जांच किया जा रहा है। मौके पर पीएचसी के डॉक्टर सुरेश प्रसाद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### सोना व नगदी लूट मामले को लेकर चौगाई में छापेमारी

**डुमरांव।** बिहार की राजधानी पटना से सटे बिहटा में गुरुवार को दिनदहाड़े आभूषण व्?यवसायी जितेंद्र प्रसाद से एक करोड़ के सोना और दो लाख रुपये नकदी लूट मामले मे बैदा गांव से गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर एसटीएफ के द्वारा मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं में आभूषण दुकान पर घंटों छापेमारी की गई। काफी मशक्कत के बाद आभूषण दुकान से तकरीबन दस लाख से ऊपर के सोना और चांदी के आभूषण बरामद जब्त किए गए हैं। इधर पुलिस की भनक पाकर फरार पप्पू सोनार पुत्र पन्नालाल सोनार को पटना पुलिस के समक्ष अविलंब उपस्थित होने की चेतावनी दी गई है। तकरीबन चार घंटे तक आभूषण दुकान पर हुई छापेमारी के बाद चौगाईं बाजार में हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों की माने तो बिहटा में हुई भीषण लूट मामले में अभी और कुछ संदिग्धों के यहां छापेमारी हो सकती है।

# हरियाणा के 225 रनों के विशाल स्कोर के आगे गाजियाबाद धराशायी

**शहीद रविकांत सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता**

**पुल-बी फर्स्ट क्वॉटर फाइनल**

**केटी न्यूज/डुमरांव**


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डॉ. गिरीश सिंह व अन्य डॉक्टर।


मैन ऑफ द मैच भूपी गुर्जर को सम्मानित करते डॉ सुमित सौरभ।

डुमरांव के राज हाई स्कूल के खेल मैदान में चल रहे शहीद आईपीएस रविकांत सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के पुल-बी का पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला सोमवार को हरियाणा व गाजियाबाद के बीच खेला गया। इसमें हरियाणा ने गाजियाबाद को 83 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

टॉस जीतने के बाद फिल्डिंग करने उतरी गाजियाबाद के कप्तान का निर्णय हरियाणा के बल्लेबाजों ने गलत साबित करते हुए शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी का नजारा पेश किया तथा निर्धारित 25 ओवरो में लगभग नौ रन प्रति ओवर की औसत से 224 रन बनाए। हरियाणा की तरफ से एबी ने 67 और नवीन नागर ने 31 रन बनाए। गाजियाबाद के सरताज ने 3 और रजत ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजियाबाद की टीम 20वें ओवर में 141 रनों पर सिमट गई। गाजियाबाद की तरफ से विनायक ने 41 और अमन ने 38 रन बनाए। हरियाणा की तरफ से भुप्पी ने 3 और गुलशन ने 2 विकेट चटकाए। हरियाणा की तरफ से तीन विकेट लेने वाले भूपी गुर्जर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित सौरभ ने प्रदान किया। मैच में अंपायर के रूप में वेद प्रकाश और राजीव कमल मिश्र मौजूद रहे। मनोज कुमार, अजितेश कुमार और अनिकेत कुमार ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। सतीश कुमार और चेतन स्कोरर की भूमिका में रहे।

**डॉक्टरों की टीम ने किया मैच का उदघाटन:** पुल-बी के पहले क्वार्टर फाइनल मैच का उद्घाटन शहर के आधा दर्जन डाक्टरों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान डॉ गिरीश सिंह, डॉ आरबी प्रसाद, डॉ साकार सिंह, डॉ चंद्रशेखर, डॉ सुमित सौरभ, डॉ मालती श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच का उद्घाटन किया। सभी ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कोलकाता और लखनऊ के बीच मुकाबला आज



मंगलवार को पुल-बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच कोलकाता और लखनऊ के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बल्लेबाजी व गेंदबाजी का लोहा मनवा चुके कई खिलाड़ी शामिल होंगे। जिस कारण मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद है। खासकर कोलकाता की तरफ से खेलने वाले दीपक पुनिया आइपीएल खेल चुके हैं। इसके अलावे भी दोनों ही टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी है जो आईपीएल और रणजी मैच खेले है। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अग्रणी संजय कुमार शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि कोलकाता व लखनऊ के बीच जोरदार मुकाबला होने की उम्मीद है।

**बक्सर में बाजार समिति स्थित गोदाम में बनाए गए काउंटिंग हॉल में होगी मतों की गणना**

# नप चुनाव की मतगणना आज, कहीं उड़ेगा खुशी का गुलाल तो कहीं होगा हार का मलाल

- सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, एक घंटे बाद मिलने लगेगा रुझान
- ईवीएम से होने वाली मतगणना स्पष्ट नहीं दिखने पर पुनः ईवीएम से परिणाम दिखाया जाएगा
- मतगणना को लेकर चाक चौबंद रहेगी व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**


मतगणना के दौरान प्रत्याशियों व समर्थकों के लिए बनाया गया टेंट

नगर निकाय चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह 8:00 बजे से होगी। मतगणना का रुझान 1 घंटे के बाद से मिलने लगेंगे। जिला प्रशासन से बताया गया है कि मतगणना मंगलवार को प्रातः 8.00 बजे से बाजार समिति बक्सर में प्रारंभ किया जाएगा। मतगणना कार्य बाजार समिति बक्सर स्थित गोदाम में बनाए गए मतगणना हॉल में संपन्न किया जाएगा। नगर परिषद बक्सर के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद पद के लिए क्रमशः हाल संख्या 1, 2 एवं 3 में 14-14 (प्रत्येक हॉल में) टेबल पर मतगणना कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत चौसा के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद के लिए क्रमशः हॉल संख्या 4, 5 एवं 6 में 5-5 (प्रत्येक हॉल में) टेबलों पर कार्य किया जाएगा। जबकि नगर पंचायत ब्रह्मपुर के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद के लिए क्रमशः हॉल संख्या 7, 8 एवं 9 में 5-5 (प्रत्येक हॉल में) टेबलों पर कार्य किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतगणना परिसर पूर्णतः तंबाकू मुक्त रहेगा, जिसमें पकडे. जाने पर 200 जुमार्ना या छह माह का कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ईवीएम से मतदान के उपरांत मतगणना होने के कारण पुर्नमतगणना का प्रश्न नहीं उठता है। यदि कोई अभ्यर्थी/गणन अभिकर्ता ईवीएम से होने वाले मतगणना स्पष्ट रुप से देख नहीं पाए हैं तो पुनः ईवीएम से परिणाम दिखा दिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतगणना के पश्चात कंट्रोल यूनिट को फ्री किया जाना है जिसकी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी उक्त प्रक्रिया में उपस्थित रहना चाहते हो तो उपस्थित रह सकते हैं। बक्सर नगर परिषसद की मतगणना 10 राउंड में पूरी होगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मेडिकल टीम भी तैनात :** इस मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जबकि मेडिकल टीम को भी एंबुलेंस व जीवन रक्षक दवाओं के साथ मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। डीएम अमन समीर ने बताया कि चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। जबकि मतगणना कक्ष के अंदर व बाहर दंडाधिकारियों की तैनाती भी की गई है। इसके अलावे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम को एंबुलेंस व आवश्यक दवाओं के साथ तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

**नहीं निकलेगा विजय जुलूस :** मतगणना के बाद किसी तरह का विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। डीएम ने इसकी सख्त हिदायत दी है। उन्होंने बताया है कि इसका उल्लंघन करने वालों पर निर्वाचन आयोग के प्रावधानों की तहत कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि मतगणना की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय से मतगणना शुरू कर दिया जाएगा।

### इतिहास बनाएंगे जीते हुए प्रत्याशी

मतगणना के पूर्व संध्या पर बक्सर नगर परिषद क्षेत्र के साथ ही नव गठित ब्रह्मपुर व चौसा नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों की उत्सुकता जहा बढ़ गई है वही प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की चिंताएं भी बढ़ी रही। पूर्व संध्या पर ही लोग अपने-अपने ढंग से हार जीत के आकलन करते देखे गए। जबकि एक दिन पूर्व अपने जीत के दावे करने वाले प्रत्याशी चुप्पी साधें बैठे रहे। बता दें कि पहली बार चेयरमैन व उपचेयरमैन पद के लिए सीधे चुनाव हुआ है। जिस कारण जनता में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। वही जनता के मतों से सीधे चेयरमैन व उप चेयरमैन बनने वाले प्रत्याशी इस बार इतिहास बनाएंगे। उन्हें पहली बार डायरेक्ट इलेक्टेड चेयरमैन व वाइस चेयरमैन होने का सौभाग्य मिलेगा।

## एनसीसी शिक्षक की नागपुर में ट्रेनिंग के दौरान हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम


गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए शिक्षक के घर पर जुटे पदाधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- सोमवार को शव आते ही एनसीसी पदाधिकारियों व कैडेटों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

कोरानसराय सराय थाना क्षेत्र के मुंगाव निवासी व गया आर्मी पब्लिक स्कूल के एनसीसी शिक्षक राजेश कुमार तिवारी पिता तारकेश्वर तिवारी की मौत नागपुर में हो गई है। वे एनसीसी शिक्षकों के लिए आयोजित असिस्टेंट एनसीसी ऑफिसर के पीआरसीएन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने एनसीसी के 6 बिहार बटालियन गया की तरफ से नागपुर के कामटी स्थित एनसीसी मुख्यालय गए थे। यह प्रशिक्षण 3 नवबंर से 17 दिसंबर तक आयोजित था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 17 नवंबर को टेजनिंग स्थल पर ही हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। उनके मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एनसीसी पदाधिकारियों द्वारा इस मनहूस घटना की सूचना परिजनों को देने के साथ ही कामटी से स्पेशल एंबुलेंस द्वारा उनके शव को पैतृक गांव मुंगाव लाया गया। यहा कोरानसराय पुलिस के साथ ही 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर के जेसीओ केडी प्रसाद, केपी उच्च विद्यालय डुमरी के एनसीसी शिक्षक संजय कुमार दूबे, राज प्लस टू उच्च विद्यालय के एनओ अभयानंद प्रजापति, डा संजय रंजन सिन्हा, पीसी कॉलेज बक्सर के एनओ कमलेश राय तथा नागपुर के कामटी तथा गया के एनसीसी बटालियन से आए पदाधिकारियों के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में मौजूद एनसीसी कैडेटो ने उन्हें फौज की परंपरा के अनुसार गार्ड ऑफ आनर दिया। वही परिजनों की सिसकियां थमने का नाम नहीं ले रही थी। इस घटना के बाद से ही परिजन बदहवास थे।

## दिव्यांगों को सरकार की मनरेगा जैसे कार्यक्रम से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाएं: निरंजन

**केटी न्यूज डुमरांव**

सोमवार को स्थानीय प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुराना भोजपुर में पंचायत स्तरीय दिव्यांग जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर जिला पीडब्ल्यूडी संघ महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अंजू कुमारी और संचालन बिहार पीडब्ल्यूडी संघ बिहार राज्य मीडिया प्रभारी सह बक्सर जिला कार्यक्रम समन्वयक लालू तुरहा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष अगस्त कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, जिला महासचिव उमेश कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला खेलकूद कोषांग प्रभारी निरंजन कुमार सिंह आदि, जिला एवं अनुमंडल टीम के द्वारा पंचायत में दिव्यांग जनों को जागरूक करने का काम किया।

जागरूकता अभियान में विभिन्न तरह के बातें रखी गई। जो दिव्यांगजन के हित के लिए गरीबी निवारण के लिए चलाई जा रही है। सरकार द्वारा जैसे मनरेगा कार्यक्रम से जोड़कर के रोजगार उपलब्ध करवाएं। जीविका में स्वयं सहायता समूह बनाकर लोन दिलवाने का कार्य शुरू करें। दिव्यांग जनों को समय पर राशन एवं पेंशन मिलें। स्कूल में या सरकारी कोई भी कार्यालय में रैम्प होना चाहिए। बैठक में जिसका यूडीआइडी नहीं बना है, जो भूमिहीन है वो अपनी समस्याएं रखी। मौके पर आशा कुमारी, हरेंद्र राम, मनोज चौधरी, कमलेश चौधरी, अक्षय कुमार, मोहन प्रसाद, पुनम कुमारी, सागीर आलम, मुकेश खरवार, मनोहर सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहें।

## सुमित्रा कॉलेज में 23 से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**


मैच की तैयारी में लगे शिक्षक व छात्राएं

शहर के इकलौते महिला कॉलेज में शुमार ह्रसुमित्रा महिला कॉलेजह्र में 23 दिसंबर से वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता शुरू हो रही है, जिसका समापन 31 दिसंबर को होगा। कॉलेज प्रबंधन द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस महोत्सव में कॉलेज की छात्राएं विभिन्न खेलों में अपने प्रदर्शन का जलवा बिखरेंगी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रमुखता भी मिलेगी। सात दिवसीय खेलकूद महोत्सव में कबड्डी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, लांग व हाई जंप, कैरमबोर्ड, एथलेटिक्स, 300 मीटर की दौड़ के अलावे क्विज प्रतियोगिता तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। सभी खेल स्पधाएं सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इस महोत्सव का उद्घाटन गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जायेगा जबकि समापन स्थानीय प्रशासन के द्वारा होगा। सोमवार को तैयारी समिति की अध्यक्ष सह एसएम कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। तैयारी समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर और प्रोफेसर श्रीकांत सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान छात्राओं का ड्रेस कोड, समतल मैदान, अतिथियों का स्वागत और महिला खिलाड़ियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने बताया कि खेलों के आयोजन से छात्राओं में शारीरिक और मानसिक विकास होता है। अपने रुचि के अनुसार छात्राएं खेल के क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है।

**जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा- चौबीस घंटे के अंदर यूरिया की खेप आने की संभावना**

# जिले को 51178 बैग यूरिया का मिला आवंटन, दूर होगी किल्लत

**केटी न्यूज/बक्सर**

- किसानों को एमआरपी पर ही उपलब्ध कराया जायेगा उर्वरक, गड़बड़ी पर करें शिकायत



रबी फसलों के बुआई के मौसम में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कोरोमंडल ईंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी द्वारा 301.5 मै.टन यूरिया, राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाईजर लिमिटेड कंपनी द्वारा 751.5 मै.टन यूरिया व इफको कंपनी द्वारा 1250 मै.टन यूरिया का आवंटन जिले को प्राप्त हुआ है। चौबीस घंटे के अंदर कोरोमंडल कंपनी का यूरिया उर्वरक सासाराम रैक प्वाईंट से एवं राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाईजर लिमिटेड कंपनी का यूरिया आरा रैक प्वाईंट से जिले में आपूर्ति होने की संभावना है। वहीं इफको कंपनी का यूरिया बक्सर रैक बिंदु पर दो दिनों के अंदर प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आवंटन प्राप्त होते ही उसे किसानों के बीच वितरित किया जाएगा।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि उर्वरक के वितरण में धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को एमआरपी पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यूरिया की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर पर तीन छापामारी दल व एक कंट्रोल रुम का गठन किया गया है। पंचायत स्तर तक बीएओ, कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार के माध्यम से उर्वरक को किसानों तक जीरोटॉलरेंस नीति अंतर्गत वितरण कराने के उदेश्य से टैग किया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर उर्वरक कालाबाजारी में संलिप्त दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। डीएओ ने कहा कि उर्वरक बिक्री करने वाले प्रतिष्ठान अपने दुकान पर डिस्प्ले बोर्ड लगाकर प्रतिदिन उर्वरक स्टॉक एवं एमआरपी को अंकित करेंगे, ताकि किसान सुगमतापूर्वक उर्वरक का क्रय कर सकें। इसके साथ-साथ प्रतिदिन का यूरिया का स्टॉक जिला का वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडार है।

उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी उर्वरक बिक्रेता सम्बंधित कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार की उपस्थिति में ही प्रतिदिन पूवाह्न 08 बजे से अपराह्न 6 बजे तक उर्वरक की बिक्री करेंगे। किसानों के लिए उर्वरक सम्बंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिसके नोडल अधिकारी के रुप में सहायक निदेशक शेखर किशोर को नामित किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का संपर्क सूत्र 9198879787, 7903767773 व 9473081675 है। इन नम्बरों पर किसान उर्वरक से सम्बंधित शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत करने वाले किसानों का नाम गुप्त रखते हुए कालाबजारी में संलिप्त बिक्रेताओं का लाईसेंस निरस्त/प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## कोरानसराय पहुंच एसपी ने किया चार थानों का रिव्यू, लंबित कांडो के निष्पादन का निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह कोरानसराय थाना पहुंच स्थानीय समेत कुल चार थानों के केसों का रिव्यू किया। इस दौरान एसपी ने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन व फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही जमीन विवाद से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन व शराब तस्करी को रोकने का सख्त निर्देश दिया। एसपी द्वारा कोरानसराय के साथ ही डुमरांव, कृष्णाब्रह्म और बगेन थानों के कांडो से जुड़ी फाईलों को खंगाला गया।

इस दौरान खामी व शिथिलता पाए जाने पर संबंधित थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारी को एसपी ने खरी खोटी भी सुनाया। रिव्यू के दौरान एसपी ने कहा कि कांडो के निष्पादन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने छपरा में हुए जहरीली शराब जैसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए थानाध्यक्षों से शराब तस्करी के खिलाफ विशेष मुहिम चला तस्करों को पकड़ने तथा जीरो टालरेंस के लक्ष्य को पूरा करने को कहा। एसपी ने पुलिस पब्लिक फ्रेंडली को मजबूत करने की बात भी कही। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कोरानसराय थाना में एक कैदी के फांसी लगाने तथा ईंट भट्ठा के नाईट गार्ड की हत्या सुर्खियों में रही है। इस दौरान डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार और बगेन थानाध्यक्ष सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी थे।

# आईटीआई के बच्चों से रुपए लेने का वीडियो वायरल होने के बाद भी डीएम साहिबा खामोश!

■ ब्रेनवेयर इंस्टीट्यूट में बच्चों से बैक पेपर के लिए लिया गया सुविधा शुल्क

केटी न्यूज/बलिया

बीते दिनों एनसीसी तिराहा स्थित ब्रेनवेयर इंस्टीट्यूट में आईटीआई के बैक पेपर में सुविधा शुल्क के तौर पर बच्चों से 4000-4000 रुपए लेने का वीडियो वायरल हुआ था। लेकिन अफसोस जिले की तेजतर्रार डीएम सौम्या अग्रवाल ने अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में समाज के बुद्धिजीवी लोग अब डीएम साहिबा की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। वहीं, दूसरी तरफ सरकार के ही मातहत उनकी छवि को धूमिल करने में लगे हुए हैं। वर्तमान समय में जनपद में आईटीआई का बैक पेपर चल रहा है। बच्चों का सेंटर एनसीसी तिराहा स्थित ब्रेनवेयर कंप्यूटर इंस्टीट्यूट को बनाया गया है। बीते दिनों बच्चे जब बैक पेपर देने आए थे, तो बच्चों से सुविधा शुल्क लेते समय किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। वायरल वीडियो लोगों के बीच जरूर चर्चा का विषय बना, लेकिन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल अब भी आंखें मूंदी हुई हैं। ऐसे में लोग अब योगी सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल उठाने लगे हैं।

## अविलंब रद्द किया जाए ब्रेनवेयर की मान्यता

वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने ब्रेनवेयर इंस्टीट्यूट की कार्यशैली और जिलाधिकारी की चुप्पी पर कड़ा विरोध जताया है। बताया कि वीरो की बलिया में भ्रष्टाचार की बयार बह रही है। पैसे लेते वक्त वीडियो वायरल होने के बाद भी जिलाधिकारी द्वारा अब तक कार्रवाई ना करना उनकी मिलीभगत को दशार्ता है। वहीं, भाकपा माले के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण यादव ने भी जिलाधिकारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकारी आईटीआई में पर्याप्त व्यवस्था है तो निजी सेंटर जैसे ब्रेनवेयर कंप्यूटर इंस्टीट्यूट को ही क्यों सेंटर बनाया गया है। बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद अभी तक कार्रवाई ना होना अपने आप में बहुत बड़ा सवाल है। मांग किया कि अविलंब बेनव्रेयर इंस्टीट्यूट की मान्यता रद्द कर दी जाए।



वायरल वीडियो की क्लिप

दिशा की बैठक में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी एवं बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह 'मस्त' ने की शिरकत

# जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं: सांसद

● जनप्रतिनिधियों ने उठाई अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं

● जन समस्याओं का जल्द निस्तारण का निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर



राइफल क्लब सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। जिसमें गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी एवं बलिया सांसद विरेन्द्र सिह 'मस्त' ने शिरकत किया। नेता द्वय ने केंद्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जिले के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने एवं सरकार की योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक, सदस्य व जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों यथा जर्जर सड़कों, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की उपलब्धता एवं संचालन, नहरों में रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी की उपलब्धता, अमृत योजना के तहत पेयजल की उपलब्धता एवं पाइप लाइन डालने के पश्चात सड़कों की मरम्मत आदि अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया। सांसद द्वय द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक के दौरान उठाई गई समस्त समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने एवं की जाने वाली कार्रवाई की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट लिखित रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिया।

उन्होंने गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करने तथा गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभागीय योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों से ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। राइफल क्लब सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद द्वय द्वारा पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी, गरीबी उन्मूलन व रोजगारपरक योजनाओं का लाभ गांव के किसान, मजदूरों तथा जरूरतमंद लोगों को पहुंचाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों से स्पष्ट अपेक्षा की। सांसद द्वय ने समस्त विभागों को केंद्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सूची एवं उनकी प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जो भी छोटी बड़ी योजनाएं संचालित हो रही उनकी होने वाले बैठकों में जनप्रतिनिधियों को अवश्य सम्मिलित किया जाए। जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों की जांच कराते हुए संबंधित व्यक्ति एवं सचिव पर कार्रवाई करने के लिए अपेक्षा सांसद द्वय द्वारा की गई।

बैठक में विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), सांसद द्वारा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण/शहर), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, सर्व शिक्षा अभियान, मिड-डे-मील, समेकित बाल विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार श्रृजन कार्यकम एवं टेलिकाम, रेलवे, हाईवेज, वाटरवेज, माइन्स आदि के सम्बन्ध में कराए गए कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई।

## नगर पालिका परिषद रसड़ा के ईओ गिरफ्तार

**रसड़ा।** आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा के अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को सोमवार को दोपहर बाद चंदौली पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें अपने साथ ले गयी। पुलिस टीम ने सर्व प्रथम रसड़ा कोतवाली पुलिस से संपर्क स्थापित किया और तत्काल नगर पालिका परिषद पहुंचकर उन्होंने ईओ को अपने गिरफ्त में ले लिया।

ईओ के गिरफ्तार होते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। कोई भी समझ नहीं पाया कि अचानक यह गिरफ्तारी क्यों हुई। जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में राजेंद्र प्रसाद चंदौली नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात थे और उस समय कांशीरम आवास आवंटन में भारी अनियमितताएं की गयी थी। जिसमें तत्कालीक प्रशासनिक अधिकारियों सहित कुल लगभग 42 लोगों पर जांच की कार्रवाई चल रही थी। कहते हैं कि इसी जांच के दौरान अधिशासी अधिकारी के विरूद्ध गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया जिसके तहत पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने पीएम को विभागीय कार्यों से कराया अवगत

केटी न्यूज/बलिया

उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से भेंट की। इस दौरान दानिश आजाद अंसारी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। साथ ही अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के मदरसों में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी एवं आगामी दिनों में होने वाले मदरसा स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता व अल्पसंख्यक रोजगार मेले के बारे में अवगत कराते हुए राज्यमंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री जी से उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विभिन्न अल्पसंख्यक मसलों पर चर्चा करते हुए राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी को अल्पसंख्यक समाज और नौजवानों के लिए बेहतर से बेहतर काम करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से सरकार ईमानदारी से सभी योजनाओं का सीधा लाभ अल्पसंख्यक समाज को दे रही है और उनका विकास हो रहा है, इसको आगे भी ऐसे ही जारी रखते हुए सबका साथ सबका विकास के नारे पर ईमानदारी से काम करना है। खास तौर पर पसमांदा समाज के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पिछड़ा पसमांदा समाज के बेहतर शिक्षा और रोजगार पर गंभीरता से कार्य करना है।



प्रधानमंत्री को पेंटिंग देते मंत्री

## झोपड़ी में घुसी पुलिस की गाड़ी तीन निलंबित

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के सिंहाचवर गांव में रविवार की देर रात पुलिस की गाड़ी अनियंत्रित होकर झोपड़ी में घुस गई। हादसे में दिग्विजय कुमार, चंदा देवी व मासूम बच्चा ऋषभ गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना को गंभीरता से लेते एसपी राज करन नय्यर ने चालक का मेडिकल कराते हुए तीन कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है। पुलिस घायलों की हालत खतरे से बाहर बता रही है। सिर्फ एक कॉल पर पुलिस अलर्ट दिखती है, लेकिन यदि पुलिस की सरकारी गाड़ी ही अनियंत्रित हो जाए, तो निश्चित ही सवाल उठने लगेंगे। झोपड़ी में सोए हुए मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जिनका उपचार अभी चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायल परिवार के लोग सिंहाचवर गांव के पास सड़क किनारे ही रहते हैं। पंक्चर बनाने का काम करके जीवन यापन करते हैं। देर रात पुलिस की गाड़ी झोपड़ी में घुस गई, जिससे मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए।

# मोबाइल प्रयोगशाला वैन में 52 खाद्य पदार्थों की हुई जांच, सात नमूनों की रिपोर्ट फेल

❐ 22 तक जिले में रहेगी वैन, कोई भी करा सकता है नि:शुल्क जांच

केटी न्यूज/बलिया

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की फूड सेफ्टी ऑन व्हील (मोबाइल प्रयोगशाला वैन) जिले के एक विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक किया और खाद्य पदार्थ से 52 नमूनों की नि:शुल्क जांच की। सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट से तत्काल मौके पर संबंधित को अवगत कराया गया। जांच में 7 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गये।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि मोबाइल प्रयोगशाला वैन में 19 से 22 दिसंबर तक रहेगी। पहले दिन विभाग की प्रक्रिया के अनुसार खाद्य कारोबारियों व आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ के प्रति जागरूक किया गया। वैन से कोई भी खाद्य कारोबारी व आम नागरिक अपने खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता परख सकते है। श्री मिश्र ने बताया कि मोबाइल प्रयोगशाला वैन से पहले दिन विद्यालय के बच्चों को खाद्य पदार्थ की जांच कर जागरूक किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों से मिठाई, पनीर, मसाला सहित अन्य 52 खाद्य पदार्थों की जांच की गयी। जिसमें सात की रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं थी। उन्होंने बताया कि यह वैन 22 दिसंबर तक जिले में रहेगी। विभिन्न स्थानों से खाद्य कारोबारियों व आम नागरिकों द्वारा लाए गए खाद पदार्थों की जांच की जाएगी और रिपोर्ट से तत्काल अवगत करा दिया जाएगा। मोबाइल वैन प्रयोगशाला के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार व खाद्य सहायक दयाशंकर थे।



मोबाइल प्रयोगशाला में जांच करते टेक्नीशियन

## गाजीपुर गोल्ड कप मण्डल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए तीन मैच

# गाजीपुर 'ए' ने गोरखपुर को 7-1 से शिकस्त दे जीता मैच

❐ ट्राईब्रेकर में करमपुर ने डीएलडब्ल्यू वाराणसी को 05-04 से हराया

❐ करमपुर ने डीएलडब्ल्यू वाराणसी को 5-4 से हरा मैच पर किया कब्जा

केटी न्यूज/गाजीपुर

गाजीपुर गोल्ड कप मण्डल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन नेहरू स्टेडियम गोराबाजार मे तीन मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच अम्बुज हॉकी ऐकेडमी गाजीपुर एंव भुड़कुड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें अम्बुज हॉकी एकेडमी 06-0 से विजयी रही। दूसरा मैच गाजीपुर ह्यह्यएह्यह्य एवं गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें गाजीपुर ह्यह्यएह्यह्य ने गोरखपुर को 07-01 के मात देकर मैच अपने नाम किया। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता का तीसरा मैच करमपुर एवं डीएलडब्ल्यू वाराणसी के मध्य खेला गया। जिसमें करमपुर ने डीएलडब्ल्यू वाराणसी को 05-04 से मात दी।

गाजीपुर गोल्ड कप के पहले मैच में अम्बुज हॉकी एकेडमी गाजीपुर की तरफ से खेलते हुए अवनीश 12 वें मिनट, कृष्ण मोहन 18वें, रोहन 32वें, कृष्ण मोहन 34वें, अब्दुल कादिर ने 38 एवं 39वें मिनट में गोल दाग कर भुड़कुडा को 06-0 से पराजित किया। दूसरा मैच गाजीपुर ह्यह्यएह्यह्य एवं गोरखपुर के मध्य खेला गया। जिसमें गाजीपुर 'ए' की तरफ से विजेन्द्र 15वें, राजू 21वें, सफी 26वें, राजन 28वें, आकिब 32 वें एवं 35 वें तथा सम्सी ने 39वें मिनट गोल दागा। वहीं, गोरखपुर की तरफ` मात्र 01 गोल सूर्या सिंह ने 29 वे मिनट में किया।

तीसरा मैच करमपुर बनाम डीएलडब्ल्यू वाराणसी के` मध्य खेला गया। जिसमें करमपुर की तरफ से अमित यादव 04वें एवं 05वें मिनट, सतीश यादव 21वें तथा सत्यम यादव ने 27वें मिनट में गोल दागा। वहीं, डी.एल.डब्ल्यू. वाराणसी की तरफ से हरिकेश 07वें, शेखर 13 वें, अमित प्रभाकर 30वें एवं चन्दू कुमार ने 35वें मिनट में गोल दाग कर दोनों टीमों को बराबरी पर ला दिया। ट्राईब्रेकर में करमपुर ने डीएलडब्ल्यू वाराणसी को 05-04 से हराकर मैच अपने नाम किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सफी, अजय गुप्ता, आशीष एवं बृजेश यादव ने निभाई तथा टेक्निकल टेलब पर` मोईन, देश दीपक श्रीवास्त एंव रवि गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर अरविन्द यादव जिला क्रीड़ा अधिकारी, ग्यासुद्दीन आजाद, नीरज श्रीवास्तव एडवोकट, नफीस अहमद हॉकी कोच, अब्दुल मजीद, राजेन्द्र यादव, संतोष कुशवाहा, मो. शाहिद, सर्वदेव यादव कुश्ती कोच, मो. कोनैन, मो. इलियास, संजीव एवं अन्य खिलाड़ीगण एवं खेल प्रेमी तथा भारी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।



मैच के दौरान अपील करते खिलाड़ी

## एक नजर

### एसपी ने किया बैंकों का निरीक्षण



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा नगर के महुआ बाग स्थित आईसीआईसीआई बैंक तथा कोतवाली स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा बैंकों में विभिन्न सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया गया। बैंकों के अधिकारियों से सुरक्षा संबंधित किए गए इंतजाम के बारे में जानकारी ली गई तथा वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे तथा उनकी स्थिति एवं बैंकों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षा गार्डों से सुरक्षा संबंधित जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

गैबिपुर विजेता तो एमएएच कॉलेज को मिला उपविजेता का खिताब

### जिलास्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का समापन



**गाजीपुर।** सैदपुर क्षेत्र के गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित आठवीं जिला स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में मेजबान गैबिपुर ने कुल 22 स्वर्ण , सात रजत व नौ कांस्य पदक जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाने मे सफल रही, वहीं आठ स्वर्ण पदक , पांच रजत व 13 काश्य पदक प्राप्त करने वाली एमएएच इंटर कॉलेज की टीम को उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर एसएस देव पब्लिक स्कूल जमानियां तो चतुर्थ स्थान पर एके नेशनल इंटर कॉलेज औड़िहार की टीम रही। इन दोनों विद्यालयों की टीम को क्रमशः सात स्वर्ण, तीन रजत, आठ कांस्य व चार स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक प्राप्त हुए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विनीत जायसवाल व विशिष्ठ अतिथि वेद प्रकाश जायसवाल ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर संम्मानित किया। इस अवसर पर शैलेश श्रीवास्तव, जयप्रकाश यादव, डबलू कुमार, शुभम मिश्रा, अभिषेक यादव, अब्दुल मलिक खांन, संजय भारद्वाज, अभिषेक कुमार सिंह, बिपूज कुशवहा, जयहिन्द यादव, अनिरुद्ध सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### प्रशासन ने सील किया वी-मार्ट का मॉल



**मऊ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा स्थित शारदा नारायण हॉस्पिटल के पास में बने वी मार्ट मॉल को फायर एनओसी ना होने पर सीएफओ अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया। बताया जाता है कि पूरा मामला नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा स्थित शारदा नारायण हॉस्पिटल के बगल में वी मार्ट मॉल चल रहा था जिसको सिटी मजिस्ट्रेट बृजेश कुमार सिंह ने एक महीना पहले सुधार करने की सलाह दी थी सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सर्वे के दौरान जब वी-मार्ट में चेतावनी के बावजूद भी यूनिटी फायर गाइडलाइन का पालन न करने पर सिटी मजिस्ट्रेट बृजेश कुमार सिंह तथा सेवा अधिकारी के वर्मा ने वी-मार्टको सील कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से जनपद के सभी मॉल के संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### सड़क दुर्घटना में फूफा भतीजा की मौत



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के मऊ-मुहम्मदाबाद गोहना रोड पर मड़ईया के निकट पेट्रोल पंप के सामने सोमवार को बाइक और कार की टक्कर में फूफा भतीजा की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी पर पुलिस उपाधीक्षक एवं कोतवाल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह हादसा उस समय हुआ, जब बाइक सवार पेट्रोल पंप से तेल भराकर मुख्य रोड पर आ रहे थे। मृतक में 35 वर्षीय आनंद सिंह पुत्र ओमप्रकाश कोपागंज थाना क्षेत्र के धवरियासाध गांव के निवासी हैं। दूसरे मृतक अनिल सिंह जो रिश्ते में मृतक आनद सिंह के फूफा लगते हैं और वह भी उसी गांव में निवास करते हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मौत की सूचना के बाद दोनों के परिवार में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक चोरों की निशानदेही पर 9 बाइक बरामद



**मऊ।** सोमवार को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोपागंज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम ने काछी कला स्थित अंडर पास से चोरी की चार बाइक्स के साथ चार लोगों को धर दबोचा। यहीं नहीं पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की, तो पांच अन्य भी चोरी की बाइक बरामद हुई है। इस तरह पुलिस ने कुल चोरी की नौ बाइक बरामद की। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए चारों वाहन चोरों को न्यायालय भेज दिया। उक्त मामले का खुलासा करते हुए सीओ घोसी उमाशंकर उत्तम ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त राकेश राजभर पुत्र जगरनाथ ग्राम कोडरा फतहपुर तालनरजा थाना कोपागंज, सूरज पुत्र जवाहर ग्राम सिपाह थाना मधुबन, पवन कुमार पुत्र मुन्नू राम ग्राम देवकली विशुनपुर व पंकज साहनी पुत्र राजू साहनी थाना कोपागंज जनपद मऊ का रहने वाला है। उक्त चारों चोर काफी शातिर और कोपागंज समेत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से खड़ी दो पहिया वाहनों को चुरा कर बेचना ही इनका कार्य है। सोमवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग चल रही थी कि उसी दरम्यान मुखबिर से सूचना मिली कि फतहपुर ताल नरजा से चार चोरी की मोटरसाइकिल जो इटौरा डोरिपुर होते हुए काछी कला हाइवे की तरफ आ रहे हैं। थानाध्यक्ष व स्वाट टीम प्रभारी अमित कुमार मिश्रा यह सुनते ही चौकन्ना हो गये और तत्काल इसकी जानकारी एसओजी व सर्विलांस को देते हुए चारों को बाइकों के साथ धर दबोचा। जब पुलिस ने कड़ाई से चारों से पूछताछ की तो उनकी निशानदेही पर पुलिस को पांच चोरी की और भी बाइक बरामद हुई। चारों ने बताया कि चोरी की बाइकों को बेचकर मिले रुपयों से अपने शौक की पूर्ति करते है। पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज करते हुए चारों को न्यायालय भेज दिया।